संपादकीय

केजरीवाल की ईडी रिमांड से चल रही सरकार

आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी की हिरासत से कोई आदेश देने से रोकने की मांग को लेकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।

हाई कोर्ट में दायर याचिका में मांग की गई है कि हिरासत के दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल को टाइपिस्ट, कंप्यूटर, प्रिंटर आदि मुहैया न कराए जाएं।

इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा है कि दिल्ली सरकार जेल से नहीं चलेगी। इससे पहले केजरीवाल राष्ट्रीय राजधानी के मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं और जांच की सुविधा की कमी को दूर करने के लिए ईडी हिरासत में रहते हुए निर्देश जारी कर चुके थे।

इस बाबत जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दी तो इस पर तत्काल तीव्र प्रतिक्रिया हुई। सुरजीत सिंह नाम का एक व्यक्ति तो इसके खिलाफ हाई कोर्ट में जा पहुंचा और याचिका दायर करते हुए मांग की कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को मुख्यमंत्री के रूप में हिरासत में रहते हुए दायित्व निर्वहन से रोका जाए। बहरहाल, यह मसला आपराधिक से ज्यादा राजनीतिक और संवैधानिक संकट का सबब बना दिखलाई पड़ रहा है।

हाई कोर्ट से जो भी फैसला आएगा उसका प्रतिवाद करते हुए संबंधित पक्ष यकीनन सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। इस बीच, तमाम विशेषज्ञ इस मामले में अपनी-अपनी सलाह देने में मशगूल हैं। कुछ कह रहे हैं कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देकर किसी को अपनी जगह नामजद कर सकते हैं। वैसा लालू प्रसाद यादव ने राबड़ी देवी को नामजद करके किया था।

हाल में झारखंड में हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी पार्टी ने किसी अन्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री चुन लिया था। पर लगता नहीं कि केजरीवाल भी कुछ ऐसा ही करने वाले हैं। दरअसल, वे इसे राजनीतिक रूप से गरमा कर माइलेज लेने की कोशिश करेंगे। चुनावी वेला है, सो वे इस तरफ ज्यादा दे रहे हो सकते हैं। बिना इस्तीफा दिए ईडी की रिमांड में रहते हुए मुख्यमंत्री के रूप में कामकाज करना चाहेंगे।

हालाकि इसमें व्यावहारिक दिक्कतें तमाम होंगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, केंद्र के पास दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का भी विकल्प रहेगा लेकिन केंद्र इस विकल्प को आजमाने से बचना चाहेगा। पहली बार है जब किसी मुख्यमंत्री ने हिरासत में रहते हुए सरकार चलाने का रास्ता चुना हो।

वित्त वर्ष के आखिरी दिन शेयर बाजार ने लगाई बड़ी छलांग, निवेशकों ने कमाए 4.78 लाख करोड़ रुपए

मुंबई

दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद में विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर देश का आर्थिक विकास अनुमान बढ़ने और आरबीआई के वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) में ऋणदाताओं के निवेश नियमों में ढील दिए जाने के बाद वित्तीय स्थिति में तेजी आने की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से आज चालू वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिवस को शेयर बाजार गुलजार हो गया। इस तेजी के बीच बीएसई पर सभी सूचीबद्ध शेयरों का बाजार पूंजीकरण यानी मार्केट कैप 4.78 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 388.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। बता दें कि अब शेयर बाजार में नए फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन यानी एक अप्रैल को ट्रेडिंग होगी। 29 मार्च को गुड फ्राइडे, 30 और 31 मार्च को साप्ताहिक अवकाश की वजह से बाजार बंद रहेंगे। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 655.04 अंक की छलांग लगाकर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 73,651.35 अंक पर बंद हुआ। इससे पूर्व यह 12 मार्च को 73667.96 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.25 अंक उछलकर 22,326.90 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.62 प्रतिशत चढ़कर 39,322.12 अंक और स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत मजबूत होकर 43,166.34 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3938 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1802 में लिवाली जबकि 2024 में बिकवाली हुई वहीं 112 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 45 कंपनियां हरे जबकि शेष पांच लाल निशान पर बंद हुई।

विश्लेषकों के अनुसार, रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर में लाए गए मानदंडों में ढील दी, जिसके तहत अनिवार्य ऋणदाता यदि वैकल्पिक निवेश फंडों में खरीददारी करते हैं तो उन्हें उच्च प्रावधानों को अलग रखना होगा। नियमों में ढील दिये जाने से वित्तीय स्थिति में तेजी आई और बाजार ने ऊंची छलांग लगाई। साथ ही वित्तीय सलाह देने वाली एसएंडपी ग्लोबल के बाद अब मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया, जिससे बाजार में निवेशकों का निवेश प्रवाह बढ़ा।

इससे बीएसई के सभी 20 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.95, सीडी 0.94, ऊर्जा 0.57, एफएमसीजी 0.64, वित्तीय सेवाएं 0.95, हेल्थकेयर 1.18, इंडस्ट्रियल्स 1.12, आईटी 0.55, दूरसंचार 0.64, यूटिलिटीज 1.29, ऑटो 1.19, बैंकिंग 0.82, कैपिटल गुड्स 1.54, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.00, धातु 1.11, तेल एवं गैस 0.85, पावर 1.69, रियल्टी 0.52, टेक 0.63 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.53 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.13, हांगकांग का हैंगसेंग 0.91 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.59 प्रतिशत उछल गया। हालांकि जापान के निक्केई में 1.46 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 153 अंक की तेजी के साथ 73,149.34 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,120.33 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली के बल पर दोपहर बाद यह 74,190.31 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 72,996.31 अंक के मुकाबले 0.90 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73,651.35 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 40 अंक बढ़कर 22,163.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान यहीं इसका निचला स्तर भी रहा। वहीं लिवाली होने से यह 22,516.00 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 22,123.65 अंक की तुलना में 0.92 प्रतिशत उछलकर 22,326.90 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें बजाज फिनसर्व 3.91, बजाज फाइनेंस 3.09, एसबीआई 2.53, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.26, पावरग्रिड 2.21, नेस्ले इंडिया 2.18, टाटा स्टील 2.00, एलटी 1.83, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.79, विप्रो 1.66, एनटीपीसी 1.60, टाटा मोटर्स 1.45, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.26, टीसीएस 1.20, अल्ट्राटेकको 1.19, आईसीआईसीआई बैंक 1.08, इंडसइंड बैंक 1.04, इंफोसिस 0.99, भारती एयरटेल 0.94, टाइटन 0.88, सन फार्मा 0.77, मारुति 0.74, कोटक बैंक 0.57, एशियन पेंट 0.56, एचडीएफसी बैंक 0.52 और आईटीसी 0.13 प्रतिशत शामिल रहे। वहीं, एक्सिस बैंक 0.50, रिलायंस 0.37, एचसीएल टेक 0.26 और टेक महिंद्रा के शेयरों ने 0.26 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

फरवरी में भारत के कोर सेक्टर इंडस्ट्रीज की वृद्धि दर रही 6.7 प्रतिशत

नई दिल्ली । भारत में आठ प्रमुख उद्योगों ने पिछले साल के इसी महीने की तुलना में इस साल फरवरी में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। जारी आधिकारिक आंकड़ों से ये जानकारी सामने आई है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं का शेयर आठ प्रमुख उद्योगों में 40.27 प्रतिशत है। इसलिए यह समग्र औद्योगिक विकास दर का एक अच्छा संकेत देता है।

फरवरी में सीमेंट और कोयला दोनों ने उत्पादन में क्रमश: 10.2 प्रतिशत और 11.6 प्रतिशत की मजबूत दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। माह के दौरान इस्पात उत्पादन में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि बिजली उत्पादन, जिसका सूचकांक में 19.85 प्रतिशत शेयर है, 6.3 प्रतिशत बढ़ गया।

फरवरी में कच्चे तेल का उत्पादन 7.9 प्रतिशत बढ़ा, जबकि प्राकृतिक गैस का उत्पादन 11.3 प्रतिशत बढ़ा। पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन, जिसका सूचकांक में शेयर 28.04 प्रतिशत है, के उत्पादन में माह के दौरान 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, फरवरी के दौरान उर्वरक उत्पादन में 9.5 प्रतिशत की गिरावट आई।

आयकर विभाग का बड़ा एक्शन : बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया 564 करोड़ का जुर्माना, जानें क्या है मामला

नई दिल्ली

टैक्स की चोरी करने पर आयकर विभाग किसी को नहीं बख्शता है, चाहे आम करदाता हो या व्यापारी। हालांकि, इससे जुड़ी ज्यादातर कार्रवाई व्यापारी, कंपनी और आम टैक्सपेयर्स के खिलाफ सुनने को मिलती है। लेकिन अब सरकारी संस्थाओं के खिलाफ भी आईटी डिपार्टमेंट एक्शन लेने से नहीं चूकता है। आयकर विभाग ने एक सरकारी बैंक के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने बैंक ऑफ इंडिया पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। पब्लिक सेक्टर बैंक ने गुरुवार को कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ आयकर आयुक्त, राष्ट्रीय फेसलेस अपील केंद्र के समक्ष अपील दायर करने की प्रक्रिया में है। इसमें कहा गया कि बैंक का मानना है कि उसके पास इस मामले में अपनी स्थिति को उचित रूप से साबित करने के लिए पर्याप्त तथ्यात्मक और कानूनी आधार हैं। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, उसे आयकर विभाग, आकलन इकाई से एसेसमेंट ईयर 2018-19 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 270ए के तहत आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें विभिन्न नियमों के उल्लंघनों पर 564.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैंक ने कहा, इसलिए उम्मीद है कि पूरी जुर्माना मांग कम हो जाएगी। ऐसे में बैंक की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

हैदराबाद ने सिक्स-हिटिंग रन फेस्ट में मुबई को 31 रन से हराया

हैदराबाद । राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में बुधवार को खेले गए आईपीएल 2024 के मैच में स्थानीय खिलाड़ी तिलक वर्मा ने 34 गेंदों में शानदार 64 रन बनाए, लेकिन उनकी कोशिशें बेकार गईं, क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस पर 31 रनों की शानदार जीत हासिल की। हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड के शानदार अर्धशतकों के बाद एसआरएच ने आश्चर्यजनक रूप से 277/3 का स्कोर बनाया, जो प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है, मुंबई इंडियंस टीम तिलक और अन्य बल्लेबाजों की वीरता की बदौलत लक्ष्य का पीछा करना चाहती थी।

लेकिन एसआरएच के गेंदबाजों ने कोई गति न देकर और बीच के ओवरों में स्कोरिंग दर को नियंत्रित रखते हुए मुंबई इंडियंस को 246/5 पर बनाए रखा। इस खेल में एमआई की यह दूसरी हार है, जहां 35,080 प्रशंसकों के सामने कई रिकॉर्ड टूट गए, उनकी खराब गेंदबाजी और लाइन-अप में किए गए बदलावों के साथ-साथ कप्तान हार्दिक पंड्या के प्रदर्शन और निर्णय लेने के बारे में भी सवाल पूछे जाएंगे।

278 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते

हुए रोहित शर्मा और इशान किशन शुरू से ही लक्ष्य से बाहर रहे। रोहित ने दूसरे ओवर में उनादकट की गेंद पर दो लेग साइड छक्के लगाए, जबकि किशन ने तीसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर एक चौका और तीन छक्के मारे, जिससे मुंबई इंडियंस टीम 50/0 पर पहुंच गई।

शाहबाज़ अहमद ने चौथे ओवर में अपनी दूसरी ही गेंद पर किशन को डीप मिडविकेट पर स्लॉग-स्वीप कर दिया और 13 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हो गए। नमन धीर और तिलक वर्मा ने एमआई को बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए बनाए रखने के लिए हैदराबाद के गेंदबाजों की गेंदों पर लगातार छक्के लगाना शुरू किया। दसवें ओवर में तिलक ने स्कूप किया, स्विच-हिट किया और शाहबाज की गेंद पर तीन छक्के लगाए, इसके बाद एक्ट्रा कवर के जरिए जयदेव उनादकट की गेंद पर चौका जडक़र 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

हीरो इंडियन ओपन में टॉप-15 में तीन भारतीय

गुरुग्राम । हीरो इंडियन ओपन में नियमित रूप से भाग लेने वाले नीदरलैंड के जोस्ट लुइटेन ने 7-अंडर 65 का स्कोर किया और फिर डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में संयुक्त बढ़त बना ली।

लुइटेन डीपी वर्ल्ड टूर पर छह बार के विजेता हैं, लेकिन 2018 के बाद से टूर पर विजेता नहीं रहे हैं। पहले दौर के अंत में, संयुक्त लीडर्स में जापान की अविश्वसनीय युवा प्रतिभा, कीता नकाजिमा और नीदरलैंड के माटेओ मनासेरो शामिल हैं।

इसके बाद 2009 में एक और पूर्व विश्व नंबर 1 शौकिया मनासेरो, जो 2012 तक यूरोप में तीन बार जीतने वाले पहले किशोर बन गए। फिर इस महीने की शुरुआत तक उन्हें जीत नहीं मिली. उनके बोगी-मुक्त 65 ने संकेत दिया कि उनका पुनरुत्थान जारी है।4-अंडर और संयुक्त-14 के समूह में तीन भारतीय शामिल हैं - अमन राज और ओम प्रकाश चौहान, जिनके पास इस कोर्स में अपने सर्वश्रेष्ठ कार्ड थे, और करणदीप कोचर, जो बाद में उनके साथ शामिल हुए।शीर्ष क्रम के भारतीय शुभंकर शर्मा ने बोगी के साथ शुरुआत की, लेकिन सर्दी और हल्के शरीर दर्द के बावजूद, उन्होंने 2-अंडर 70 का स्कोर पूरा किया और गगनजीत भुल्लर की तरह संयुक्त -34 पर हैं। शर्मा और भुल्लर भारत से पेरिस ओलंपिक के लिए दौड़ में सबसे आगे हैं।2015 के पूर्व विजेता अनिर्बान लाहिड़ी के लिए 5 ओवर भूलने लायक रहे, जिसमें 13वें होल, दिन का उनका चौथा होल और नौवां, जो उनका समापन होल था, में बर्डी को छोडक़र खुशी के बहुत कम क्षण थे। वह संयुक्त -127वें स्थान पर हैं और दूसरे दौर में जल्दी बाहर होने की कगार पर हैं।

फिल्म ओजी से सामने आया इमरान हाशमी का फर्स्ट लुक, टाइगर 3 के बाद फिर विलेन बनेंगे एक्टर

बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर इमरान हाशमी अपनी सीरियल किसर वाली इमेज के साथ इमरान ने खूब पॉपुलैरिटी बटोरी. कभी एक्टर बनने की चाह ना रखने वाले इमरान आज ना सिर्फ बॉलीवुड में छाए हैं बल्कि साउथ की फिल्मों में भी छाने वाले हैं.

इमरान हाशमी की आने वाली तेलुगु फिल्म दे कॉल हिम ओजी को हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा. इस फिल्म में इमरान हाशमी विलेन का किरदार निभा सकते हैं. फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है.

इमरान हाशमी ने फिल्म दे कॉल हिम ओजी से अपना लुक शेयर किया है. उन्होंने कैप्शन में लिखा, गंभीरा, सुना है तू बंबई आ रहा है. वादा करता हूं, हम दोनों में से किसी एक का सिर जरूर कटेगा. इसके साथ ही इमरान ने पवन कल्याण को टैग भी किया है क्योंकि फिल्म में पवन कल्याण लीड एक्टर हैं.

सुजीत के निर्देशन में बन रही फिल्म दे कॉल हिम ओजी में पवन कल्याण अहम रोल निभाते नजर आएंगे. वहीं इमरान हाशमी के लुक को देखकर लगता है कि वे इस फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आएंगे. फिल्म ओजी 27 सितंबर 2024 को रिलीज होगी और फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

फिल्म चमकीला का ट्रेलर जारी, अमर सिंह चमकीला के किरदार में खूब जंचे दिलजीत दोसांझ

इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म अमर सिंह चमकीला पिछले लंबे वक्त से चर्चा में है। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक है।इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब इम्तियाज ने अमर सिंह चमकीला का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे दर्शकों का प्यार मिल रहा है।चमकीला के किरदार में दिलजीत जंच रहे हैं। परिणीति फिल्म में चमकीला की पत्नी अमरजोत बनी हैं।

अमर सिंह चमकीला सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म को आप 12 अप्रैल से देख सकते हैं।इम्तियाज ने मोहित चौधरी के साथ मिलकर फिल्म का निर्माण किया है।अमर सिंह चमकीला को पंजाब के अब तक के सबसे अच्छे लाइव स्टेज परफॉर्मर्स में से एक माना जाता है।

आज का राशिफल

मेष- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आज बड़े पदों पर बैठे लोगों से कॉन्टैक्ट हो सकता है।

वृष- आज आपका ध्यान अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। घर में धार्मिक समारोह का आयोजन कर सकते हैं। इससे घर में सुख-सौभाग्य बना रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र का वातावरण अनुकूल बना रहेगा।

मिथुन- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। सार्वजनिक एवं प्रोफेशनल कार्यों में अनुकूल संयोग मिल सकते हैं। कोई समस्याओं को दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर उसका निवारण कर सकेंगे। हर काम समय पर पूर्ण होने से आनंद का अनुभव होगा।

कर्क- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी काम में रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन अधिकारियों की मदद से काम निपटा लेंगे। जोश में आकर कोई ऐसा काम न करें, जिससे आप परेशान हो जाएं। आपको थोड़ा सावधान रहना चाहिए।

सिंह- आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज किसी काम से आपको बड़ा फायदा हो सकता है। कुछ निजी कामों में भाई का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। इस राशि के विवाहित आज किसी अच्छी जगह पर पिकनिक के लिए जा सकते हैं।

कन्या- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। अचानक से धन लाभ हो सकता है। आज शाम तक किसी समारोह में शामिल होंगे। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन यादगार रहेगा।

तुला- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज किसी पर गुस्सा करने से बचें। अन्यथा आप परेशानी में पड़ सकते हैं। इस राशि के भाई-बहनों के संबंधों में मजबूती आयेगी। दूसरों के साथ जुडक़र काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

वृश्चिक- आज आपका दिन काफी अच्छा रहेगा। घरेलू समस्याओं को सुलझाने में सफल रह सकते हैं। आज जीवनसाथी का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। इस राशि के छात्रों को आज किसी पसंदीदा कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकता है।

धनु- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर बना रहेगा। इस राशि के छात्रों का आज पढ़ाई में मन लगेगा। कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न आज सॉल्व हो जाएंगे। करियर में आगे बढऩे के नए अवसर भी सामने आएंगे।

मकर- आज आपका दिन खास रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आज कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आज लोग आपकी बात से सहमत हो सकते हैं। पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

कुंभ- आज खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज के दिन करियर में नया बदलाव होगा। सेहत बेहतर बनी रहेगी।

मीन- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इस राशि के भाई-बहन मंदिर में भगवान के दर्शन करने जा सकते हैं। आज पैसों के लेन-देन से दूर रहें। सोच-समझकर और योजना बनाकर ही आगे बढ़ें।

मडगांव एक्सप्रेस ने वसूल ली आधी से ज्यादा लागत, 6ठे दिन भी करोड़ो में हुई कमाई

कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी पहली फिल्म, 'मडगांव एक्सप्रेस', 22 मार्च को रिलीज़ हुई थी. कॉमेडी-ड्रामा फिल्म अपनी जबरदस्त कहानी से दर्शकों के दिलों को छू गई है. फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू फिल्में हैं. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक ओपनिंग की थी और इसके बाद इसने टिकट खिडक़ी पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली. सिनेमाघरों में मौजूद तमाम ले फिल्मों के बीच 'मडगांव एक्सप्रेस' करोड़ो में कमाई कर रही. चलिए यहां जानते हैं कुणाल खेमू की फिल्म ने रिलीज के 6ठे दिन कितना कलेक्शन किया है?

कॉमेडी, ट्विस्ट और मजेदार कंटेंटे वाली 'मडगांव एक्सप्रेस' एंटरटेनमेंट का फुल पैकेज साबित हो रही है. इसी के साथ फिल्म को वीकेंड ही नहीं बल्कि वीकडेज में भी खूब ऑडियंस मिल रही है. फिल्म की कमाई की बात करें तो 'मडगांव एक्सप्रेस' ने 1.5 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद दूसरे दिन फिल्म ने 83.33 फीसदी की तेजी के साथ 2.75 करोड़ की कमाई की. तीसरे दिन फिल्म के कलेक्शन में 1.82 फीसदी का उछाल आया और इसने 2.8 करोड़ कमाए. वहीं चौथे दिन 'मडगांव एक्सप्रेस' ने 2.6 करोड़ का कारोबार किया और पांचवें दिन फिल्म ने 1.45 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के छठे दिन यानी बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मडगांव एक्सप्रेस' ने रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार को 1.14 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'मडगांव एक्सप्रेस' का 6 दिनों का कुल कलेक्शन अब 12.24 करोड़ रुपए हो गया है.

शब्द सामर्थ्य- 11

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 010 का हल

ज	ल	■	आ	वा	जा	ही	■	■
मा	■	खू	ब	■	दू	र	स्थ	■
ना	दा	न	■	सा	ग	■	ल	क्ष्य
■	न	ख	■	त	र	ल	■	■
■	वी	रा	न	■	■	च	ट	क
■	र	ब	■	आ	ज	क	ल	■
■	■	■	आ	ग	■	दा	ना	■
■	अ	ग	र	म	ग	र	■	क्रो
भा	भी	■	ती	न	■	■	व	ध

सू-दोकू- 11

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.010 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5	4	6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6